# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1029 / एके0 / प्रवेश / MSU / 2021–22 दिनांकः 25.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

विषय –विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को निर्गत सम्बद्धता पत्र एवं सीटों का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक : 959 / 10 / एके0 / प्रवेश / MSU / 2021–22, दिनांक : 15.07.2022 संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संलग्न निर्धारित प्रारूप पर सूचनायें एवं सम्बद्धता पत्र उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई थी। किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा उक्त सूचना अभी तक संगत अभिलेख के साथ उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण प्रवेश प्रक्रिया का कार्य प्रभावित हो रहा है। अतः समस्त प्राचार्यगण से अपेक्षा है कि कृपया संलग्न प्रारूप पर सूचना एवं सम्बद्धता पत्र अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

संलग्नक– यथोक्त।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 959 /10/ए0/प्रवेश / MSU / 2021–22 दिनांक: 15.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

विषय –विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को निर्गत सम्बद्धता पत्र एवं सीटों का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि विदित है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन भी विश्वविद्यालय पोर्टल पर किये जा रहे है। प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर शीघ्र ही मेरिट सूची निर्गत की जानी है। चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से प्राप्त महाविद्यालय एवं सीट मैट्रिक्स का विवरण विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करते हुये, यदि विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संगत अभिलेख के साथ आपत्ति मांगी गई थी, किन्तु कुछ महाविद्यालयों को छोड़कर अन्य महाविद्यालयों ने किसी भी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई।

अतः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण से अपेक्षा है कि वह अपने महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों का विवरण Excel Format में निम्नलिखित प्रारूप पर (Times New Romam में 14 Font) साफ्ट कॉपी सी0डी0 में एवं सम्बन्धित सम्बद्धता पत्र (साक्ष्य रूप में) दिनांक : 20.07.2022 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा विवरण उपलब्ध नहीं कराया जायेगा, उन महाविद्यालयों की मेरिट सूची जारी नहीं की जायेगी। इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

प्रारूप

| Sr.No | College Name | New College Code | Course Name | Subjects in the Course | Sanctioned seats | Type of Affiliation (Permanent/ Temporary) | Distt. | Principal Name | Mobile No | Email ID |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव